जमशेदपुर
28 जनवरी 2018
संवत् 2074 माघ शुक्ल पक्ष 12 रविवार
हिजरी -1439
पोस्टल रजि.नं.-Singhbhum/20/2017-19
झारखंड का अपना अखबार
जमशेदपुर और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
प्रकाशन का 22 वॉ वर्ष
चमकता आईना

जमशेदपुर सहित झारखंड बिहार में जीएसटी कर वसूली बढ़ीः मुख्य आयुक्त

जमशेदपुर : झारखंड एवं बिहार में वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान जीएसटी मद में जबर्दस्त कर वसूली हुई है. मुख्य आयुक्त केन्द्रीय जीएसटी एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (बिहार-झारखंड) शिव नारायण सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बिहार में जहां जीएसटी राजस्व वसूली में 35 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है, वहीं झारखंड में 20 प्रतिशत का इजाफा हुआ है. उन्होंने जीएसटी ऑनलाइन फाइलिंग को लेकर जताई जा रही तमाम आशंकाओं को निर्मूल बताते हुए कहा कि विभाग की ओर से कारोबारियों के साथ नियमित संपर्क साधा जा रहा है और वे सुगमता के साथ रिटर्न फाइल कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि जिन्हें किसी तरह की आशंका है, उनके लिये विभाग के पदाधिकारी सदैव तैयार हैं.

जमशेदपुर के आयुक्त जीएसटी एवं सेंट्रल एक्साइज अजय पांडेय ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में जमशेदपुर के टैक्स कलेक्शन में 10 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है. जमशेदपुर द्वारा 4700 करोड़ कर वसूली का लक्ष्य

निर्धारित किया गया था. साल के अंत होते होते इसे प्राप्त कर लेने की पूरी संभावना है. वर्ष 16-17 में जमशेदपुर सर्कल ने सेंट्रल एक्साइज मद में 3500 करोड़ रुपये एवं सेवा कर के मद में 700 करोड़ रुपये कर वसूले थे. उन्होंने कहा कि रांची क्षेत्र में 1100 करोड़ रुपये की वसूली हुई है. पूरे झारखंड में करीब 1500 करोड़ रु. कर का संकलन हुआ.

अधिकारियों ने दावा किया कि नेटवर्किंग को लेकर जो कुछ परेशानियां थी, अब सबकुछ सैटल हो गया है. श्री पांडेय ने बताया कि आयुक्तालय द्वारा पुराने केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर में नये जीएसटी कर प्रणाली में सुगम अंतरण के लिये सभी तरह के प्रयास किये गये हैं. इस दिशा में कई वर्कशॉप, सेमिनार, प्रशिक्षण कार्यक्रम, ऑडियो, वीडियो मुहिम एवं व्यक्तिगत संवाद आयोजित किये जा रहे हैं.

इसके पूर्व शिव नारायण सिंह ने आयुक्तालय परिसर में झंडोत्तोलन किया. इस दौरान काफी संख्या में विभागीय पदाधिकारी मौजूद थे.